an>

Title: Hon'ble Speaker made reference to the passing away of Smt. Renuka Sinha, sitting member of the Lok Sabha; Smt. V. Jayalakshmi, member, 5th and 6th Lok Sabhas; Shri Arif Baig, member, 6th and 9th Lok Sabhas; Shri P. Kannan, member, 6th and 8th Lok Sabhas; Shri Harsh Vardhan, member, 9th and 15th Lok Sabhas; Smt. Jayawanti Mehta, member, 9th, 11th and 13th Lok Sabhas; and Smt. Usha Verma, member, 7th, 8th and 9th Lok Sabhas. Hon'ble Speaker also made references to passing away of Mr. Shimon Peres, former President of Israel on 28 September, 2016; demise of King Bhumibol Adulyadej of Thailand on 13 October, 2016 and demise of Pramukh Swami Shastri Narayan Swarup Das, head of Swaminarayan sect, a great scholar, saint and reformer on 13 August, 2016.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को हमारी साथी सदस्य श्रीमती रेणुका सिन्हा और छह पूर्व सदस्यों श्रीमती वी. जयलक्ष्मी, श्री आरिफ बेग, श्री पी. कन्नन, श्री हर्षवर्धन, श्रीमती जयवंती मेहता और श्रीमती उÂषा वर्मा के दुःखद निधन के बारे में सूचना देनी है।

श्रीमती रेणुका सिन्हा पश्चिम बंगाल के कूचबिहार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सदस्य थीं। वह विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और वन संबंधी समिति की सदस्य थी। शिक्षाविद् श्रीमती सिन्हा ने जन कल्याण और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया।

श्रीमती रेणुका सिन्हा का निधन पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में 17 अगस्त, 2016 को 67 वÂर्ष की आयु में हुआ।

श्रीमती वी. जयलक्ष्मी तमिलनाडु के शिवकाशी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से प्रतिनिधित्व करते हुए पाँचवीं और छठी लोक सभा की सदस्य थीं।

वह छठी लोक सभा के दौरान प्राक्कलन समिति की सदस्य थीं। श्रीमती जयलक्ष्मी कुवैत, सीरिया, भूतपूर्व युगोस्लाविया और इटली में संसदीय शिÂष्टमंडलों की सदस्य थीं।

श्रीमती वी. जयलक्ष्मी का निधन तमिलनाडु के तिरुपुर में 24 जून, 2016 को 84 वर्ष की आयु में हुआ।

श्री आरिफ बेग मध्य प्रदेश के भोपाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से छठी लोक सभा के प्रतिनिधि तथा बैतूल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए नौवीं लोक सभा के सदस्य थे। श्री बेग छठी लोक सभा के दौरान वर्ष 1977 से 1979 तक केन्द्रीय वाणिज्य, नागरिक आपूर्ति और सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा नौवीं लोक सभा के दौरान विशेषाधिकार समिति के सदस्य थे।

इससे पूर्व, श्री बेग मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य थे। उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार में वर्ष 1967 से 1968 तक सहकारिता मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

श्री आरिफ बेग का निधन मध्य प्रदेश के भोपाल में 5 सितम्बर, 2016 को 80 वर्ष की आयु में हुआ।

श्री पी. कन्नन तमिलनाडु के सेलम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए छठी लोक सभा तथा तमिलनाडु के तिरुचेनगोड संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए आठवीं लोक सभा के सदस्य थे। वह छठी लोक सभा के दौरान नियम समिति के सदस्य रहे।

श्री पी. कन्नन का निधन 79 वर्ष की आयु में 16 सितम्बर, 2016 को तमिलनाडु के सेलम में हुआ।

श्री हÂर्षवर्धन उत्तर प्रदेश के महाराजगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 9वीं और 15वीं लोक सभा के सदस्य थे।

श्री हÂर्षवर्धन 15वीं लोक सभा के दौरान गृह कार्य संबंधी समिति के सदस्य रहे। इसके पूर्व श्री हÂर्षवर्धन वÂष्Âान 1985 से 1989 तक उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे।

श्री हÂर्षवर्धन का निधन 68 वर्ष की आयु में 3 अक्टूबर, 2016 को दिल्ली में हुआ।

श्रीमती जयवंतीबेन मेहता महाराÂष्ट्र के मुंबई उत्तर पूर्व और मुंबई दक्षिण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से क्रमशः 9वीं, 11वीं और 13वीं लोक सभा की सदस्य रहीं। श्रीमती जयवंतीबेन मेहता अक्टूबर, 1999 से मई, 2004 तक केन्द्रीय विद्युत राज्य मंत्री रहीं।

सुयोग्य संसदविद श्रीमती मेहता 9वीं लोक सभा के दौरान नियम समिति और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति समिति की सदस्य रहीं। वह 11वीं लोक सभा में उद्योग संबंधी

समिति की भी सदस्य रहीं। इसके पूर्व वह दो कार्यकाल के लिए महाराÂष्ट्र विधान सभा की सदस्य रहीं।

श्रीमती जयवंतीबेन मेहता का निधन 78 वर्ष की आयु में 7 नवम्बर, 2016 को हुआ।

श्रीमती उÂषा वर्मा उत्तर प्रदेश की खीरी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए 7वीं, 8वीं और 9वीं लोक सभा की सदस्य थीं। वे लोक सभा सदस्य रहते हुए विभिन्न संसदीय समितियों की सदस्य रहीं। श्रीमती वर्मा ने समाज के पिछड़े एवं हाशिए पर रह रहे लोगों के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास किया।

श्रीमती उÂषा वर्मा का निधन 9 नवम्बर, 2016 को महाराÂÂष्ट्र के मुंबई में 85 वर्ष की आयु में हुआ।

हम श्रीमती रेणुका सिन्हा और अपने छः पूर्व सदस्यों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और यह सभा शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना भी देती है।

माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को यह भी सूचित करना है कि इजरायल के पूर्व राष्ट्रपति श्री शिमोन पेरेज़ का 28 सितम्बर, 2016 को 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से इजरायल ने एक ऐसा राजनयिक खो दिया, जिन्होंने अपने देश एवं क्षेत्र की शांति के लिए सशक्त कदम उठाए। उन्हें मिला नोबल पुरस्कार इस बात को साबित करता है कि उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में बहुत ही प्रशंसा एवं सम्मान पाया।

हम भारत के लोग श्री पेरेज़ को एक अच्छे मित्र के रूप में सदैव याद करेंगे एवं द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने की दिशा में उनके योगदान को दीर्घकाल तक याद रखा जाएगा।

माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को थाईलैंड के सम्राट भूमिबोल अदुल्यदेज के 13 अक्टूबर, 2016 को हुए दुःखद निधन कि बारे में भी सूचित करना है। सम्राट अदुल्यदेज के प्रति थाईलैंड की जनता के हृदय में अतुल्य श्रद्धा थी।

सभा दुख की इस घड़ी में इजरायल और थाईलैंड की संसदों, सरकारों एवं जनता के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करती है।

माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को दुख के साथ स्वामी नारायण पंथ के प्रमुख स्वामी शास्त्री नारायण स्वरूप दास के निधन के बारे में भी सूचित करना है, जिनका देहावसान 13 अगस्त, 2016 को सारंगपुर, गुजरात में 95 वर्ष की आयु में हुआ।

स्वामी शास्त्री नारायण एक महान विद्वान, संत और समाज सुधारक थे, जिन्होंने समाज के घोर उपेक्षित वर्ग की सेवा की। अध्यात्म और मानवता के क्षेत्रों में उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा।

यह सभा स्वामी शास्त्री नारायण स्वरूप दास के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करती है।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर के लिए मौन रहेगी।

11.07 hours

(The Members then stood in silence for short while)

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet tomorrow, the 17th November, 2016 at 11.00 a.m.

11.10 hours

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Thursday, November 17, 2016/Kartika 26, 1938 (Saka).